53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 28.0°c अधिकतम 32.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:36, सूर्यास्त - 7:14 वर्ष: 53/अंक :208 मंगलवार, 29 जुलाई 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ -4

अमृतवाणी

परेशानी में जो अनुभव और सीख मिलती है, वो दुनिया का कोई स्कूल नहीं दे सकता।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

मैंने गौरव गोगोई का भाषण सुना, मुझे लगा था कि वे पढ़े-लिखे हैं,लेकिन उन्होंने एक भी काम की बात नहीं की : ललन सिंह

पढ़ - लिखकर बेकार की बातें करने का अब फैशन है...

चौराहों पर चैकिंग नहीं चरम पर हो रहा भ्रष्टाचार, खुद वीडियो देख लें जिले की सत्ता के ठेकेदार

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। न जाने जिले व सत्ता के ठेकेदारों ने अपनी आंखों पर कौन सी पट्टी बांध रखी है, लगातार जगाने के बाद भी वे जागते दिखाई नहीं पड़ते। उन्हें हर बात के सुबूत चाहिएं तो आज बुलेटिन उन्हें सुबूत के साथ ही भ्रष्टाचार के साक्षात प्रमाण दे रहा है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि साक्षात प्रमाण देने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी अथवा सत्ता के ठेकेदारों की आंखें खुल ही जाएं, हो सकता है यह वीडियो देखने के बाद भी वे पैसा लेन-देन करने वाले इन पुलिसकर्मियों को बचाने का पूरा काम करें, मगर आम जनता तो आंखे खोलकर देख ही लेगी कि बुलेटिन लगातार लिख रहा है कि इस सरकार में नेताओं की धींगामुश्ती के चलते भ्रष्टाचार चरम पर है।

जैसा कि आप सबको पता है कि ट्रैफिक विभाग किस-किस तरह से कभी हैलमेट पहने लोगों का आर्थिक उत्पीड़न कर रहा है, कभी यूपी 12 नम्बर से अलग गाड़ी दिखते ही उसे रोककर उसकी डिग्गियां तक ऐसे चेक की जाती हैं, जैसे कोई आतंकी फंस गया हो, मगर उद्देश्य सिर्फ अपनी जेबें भरना है। वहलना चौक से आगे एक चाय वाले के सामने बाईपास कट पर लगातार अवैध वसूली का मुजफ्फरनगर बुलेटिन

को कई दिनों से पता था और लगातार इस कट पर निगरानी रखे हुए था। मगर सोमवार को बुलेटिन ने अपने कैमरे में बाकायदा भ्रष्टाचार की वीडियो कैद की और आज इसे प्रसारित किया जा रहा है। शायद समाचार पत्र में वैगनआर गाड़ी पकड़ी जाने के बाद उससे किस तरह रुपये लिये गए वह साफ दिखाई न दे, मगर इस जिले को चलाने वाले प्रशासनिक अधिकारी व सत्ता के ठेकेदार इसे बुलेटिन के सोशल मीडिया पर आराम से देख सकते हैं कि किस तरह वैगनआर कार से उतरने के बाद एक युवक सड़क पार करता है और उसके बाद किस तरह ट्रैफिक इंचार्ज के पीछे खड़े होकर सैटिंग-गैटिंग की जाती है। सौदा पट जाने के बाद खाकी वर्दीधारी पैसे लेता है और पीछे की जेब में आराम से रख लेता है। हो सकता है कि यह वीडियो जारी होने के बाद खूब बहानेबाजी की जाए और तर्क दिये जाएं कि उक्त युवक हो सकता है पुलिसकर्मी का चाचा, भतीजा आदि... आदि... लगता हो और उन्हें खर्ची के रूप में पैसे दे गया हो। खैर यह सफाई तो अब इन पुलिसकर्मियों से खुद जिले के अधिकारी या सत्ता के ठेकेदार लेते रहेंगे, मगर आम जनता यह पूरी तरह जान चुकी है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है।

अस्सी रुपए किलो के टमाटर ने हाल किया बेहाल, मंहगाई से जनता के चेहरे हुए लाल

10 दिन के भीतर टमाटर पहुंचा शतक के करीब, गृहणियों की रसोई से गायब होने की कगार पर

मुजफ्फरनगर 28 जुलाई (बु)। इन दिनों ऐसा लग रहा है कि मंहगाई अपने चर्म पर है। ऐसे में रसोई की सबसे महत्वपूर्ण सब्जी टमाटर ने जनता के हाल बेहाल कर रखा है, जिसके कारण जैसे टमाटर का रंग लाल होता है, वैसे ही जनता चेहरे भी लाल हो रखे हैं। यूं तो लाल चेहरा शुभ का प्रतीक होता है, परंतु यहां लाली गुस्से की और चिंता की है। अगर बात सोमवार 28 जुलाई की करें तो टमाटर का दाम 80 रुपए प्रतिकिलो था। ऐसे में जनता खाने से ज्यादा टमाटर को देखकर ही काम चला रही है। पहले ही जनता का बढ़ती हुई मंहगाई के कारण दम निकला हुआ है। ऊपर से टमाटर के दामों में बढ़ोतरी ने जनता की परेशानी और बढ़ा दी है।

आपको बता दें कि यही टमाटर 10 दिन पहले 40 से 50 रुपए किलो बिक रहा था, लेकिन जैसे ही बारिश शुरू हुई तो टमाटर ने ऐसी रफ्तार पकड़ी की सेंचुरी के करीब पहुंच गया है। सब्जी बिक्रेताओं का कहना है कि इस समय जो टमाटर बाजार में आ रहा है, वो नासिक और बैंगलुरू का है। इस समय महाराष्ट्र और कर्नाटक में भारी बारिश हो रही है, जिसका असर राज्य में आने वाली टमाटर की सप्लाई चेन पर पड़ा है। ऐसे में मांग ज्यादा है और मात्रा कम तो स्वभाविक है कि रेट में बढ़ोतरी तो होगी ही। एक सप्ताह पहले हिमाचल और देहरादून से टमाटर आ रहा था। उस समय इसके रेट कम थे, यानि 40-50 रुपए प्रति किलो था, लेकिन इस टमाटर के अंदर अचानक से कीड़ा निकलने के मामले ने व्यापारियों को हिमाचल और देहरादून का टमाटर लेने से रोक दिया, जिसके कारण सारा ध्यान नासिक और बैंगलुरू के टमाटर पर चला गया और नासिक और बैंगलुरू में बारिश के कारण सप्लाई पर फर्क पड़ने से टमाटर के रेट अचानक बढ़ गये हैं। अब कारण कुछ भी हो, लेकिन इन बढ़े हुए दामों का असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है और कहीं ना कहीं गृहणियों की रसोई से टमाटर गायब होने की कगार पर पहुंच गया है। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में टमाटर के दामों में कमी आती है या टमाटर सच में शतक पूरा कर देता है।

खूब हो रही पुलिस व ट्रैफिक विभाग की जेबें भारी, 2027 के लिए भाजपा का वोट बैंक किया जा रहा हल्का

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। पूरे प्रदेश का हाल यही है, भ्रष्टाचार चरम पर है। हाल ही में सहारनपुर के विधायक की खुद एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें विधायक राजीव गुम्बर बिजली कर्मियों के सामने पचास हजार की गड्डी सिर्फ इसलिए लहरा रहे थे, क्योंकि उन्हें पता था कि उनकी सरकार में प्रत्येक विभाग पैसे से ही काम कर रहा है। शुक्र है 2027 आने से पहले भाजपाइयों की आंखे धीरे-धीरे खुलने लगी हैं, क्योंकि इस सरकार में छोटे से कर्मचारी से लेकर बड़े अधिकारियों तक की जेबें भारी नहीं भारी भरकम हो चुकी हैं, मगर आंख मूंदकर बैठे भाजपाई सरकारी कर्मचारियों की जेबें बेशक भारी करा रहे हों, मगर उनका अपना वोट बैंक पचास फीसदी हल्का हो चुका है। कोई भी काम बिना पैसों के होता ही नहीं है, फिर चाहे सड़क पर पकड़ी गयी मोटर साइकिल छुड़वाने से लेकर थानों से अपना काम करवाना हो, यहां तक कि पेंशन लेने तक में भी रिश्वत का लेन-देन करना पड़ता है। सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर आमजन को मूर्ख बनाकर किस-किस तरह से लूटा जा रहा है और अपनी ही सत्ता होते हुए भी तमाशा देखा जा रहा है मगर यह तमाशा हर हाल में 2027 में भारी पड़ने वाला है। जनता को नजरअंदाज करना हमेशा सत्ता पर ही भारी पड़ा है। इस सत्ता में अधिकारी, कर्मचारी तो मौज ले लेंगे, मगर जिले में पांच सीटें गंवा चुकी भाजपा फिर से उस पर काबिज हो पाएगी या नहीं यह खुद अपनी आंखों से भ्रष्टाचार देख रहे भाजपाई खुद जानें।

जिलाधिकारी ने उठाया खुशी की आंखों के ऑपरेशन का जिम्मा, तो खुशी ने दी दुआएं बोली-भगवान जिलाधिकारी मेरे लिए भगवान बनकर आए

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने एक बच्ची के लिए भगवान साबित हुए, ये हम नहीं बल्कि पीड़िता ने खुद अपने मुख से बयान किया। जब उन्होंने एक मोतियाबिंद से पीड़ित बच्ची के ऑपरेशन का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। बच्ची के परिवार ने उसकी मदद से हाथ खींच लिए थे, लेकिन जिलाधिकारी की पहल ने उसे नई उम्मीद दी है। जानकारी के अनुसार, एक गरीब परिवार से आने वाली बच्ची की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत थी। घर वालों की आर्थिक स्थिति ठीक न होने और उनकी बेरुखी के चलते बच्ची अपनी आंखों की रोशनी खोने की कगार पर थी। जब उसकी फरियाद जिलाधिकारी उमेश मिश्र तक पहुंची, तो उन्होंने तुरंत संज्ञान लिया। जिलाधिकारी ने न केवल बच्ची की समस्या को गंभीरता से सुना, बल्कि उसके ऑपरेशन का पूरा खर्च स्वयं वहन करने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी के इस मानवीय और संवेदनशील कदम से बच्ची और उसका परिवार भावुक हो उठे। बच्ची ने जिलाधिकारी का धन्यवाद करते हुए उन्हें 'भगवान' की उपाधि दे डाली। जिलाधिकारी उमेश मिश्र के इस कार्य की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। यह घटना दशार्ती है कि कैसे एक अधिकारी अपने पद का उपयोग जनसेवा और कल्याण के लिए कर सकता है।

पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत 3 आतंकी ढेर, पाकिस्तान की स्पेशल सर्विस ग्रुप का कमांडो रह चुका है हाशिम मूसा

पहलगाम, 28 जुलाई (एजेंसी)। आज पाकिस्तान को भारतीय सेना ने बड़ा झटका दिया है। कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास में सेना ने सोमवार को 3 पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया है। यह जानकारी इंडियन आर्मी की चिनार कॉर्प्स बटालियन ने दी। सेना ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत यह कार्रवाई की गई है। सेना के जानकार के अनुसार, मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। हालांकि सेना ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की है। भारतीय सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है। आतंकियों के पास से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल ग्रेनेड मिले हैं। इनके अलावा और भी कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आज शाम तक मीडिया को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दी जाएगी। इंडियन आर्मी के अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के बाद सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दूर से दो बार गोलियां चलने की आवाज सुनी गई। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

एक सप्ताह पहले मिला था इन्पुट

पहलगाम। रक्षा सूत्रों के अनुसार, एक सप्ताह पहले सुरक्षाबलों को श्रीनगर के दाचीगाम जंगल में आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार आतंकियों ने एक चीनी अल्ट्रा कम्युनिकेशन सेट को फिर से सक्रिय किया था। सुरक्षाबलों ने आतंकियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। आज सुबह लगभग 11:30 बजे 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट के जवानों की एक टुकड़ी ने एडवांस गैजेट्स का इस्तेमाल करके आतंकियों का लोकेशन पता लगाया और वहां मौजूद तीनों आतंकियों को मार गिराया।

ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की दो टूक, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत, कितनी पेंसिल टूटीं या पेन गुमे, यह बेमानी

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। लोकसभा में सोमवार को दोपहर 2 बजे से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा, 'हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। रक्षा मंत्री ने 55 मिनट के भाषण में कहा कि हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया। हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया। राजनाथ सिंह ने कहा- विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे? उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए? परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है। कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुम हुए, यह पूछना बेइमानी है। विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा- हम सरकार से सवाल पूछेंगे। देश जानना चाहता है कि 5 दहशतगर्द पहलगाम में कैसे घुसे? उनका क्या मकसद था? सरकार कहती है हमारा मकसद युद्ध नहीं था। हम जमीन पर कब्जा करना नहीं चाहते थे। संसद में 11 बजे से कार्यवाही शुरू हुई थी। पहले विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन से जुड़े स्पेशल इंटेसिव रिवीजन मुद्दे पर हंगामा किया। सदन को तीन बार स्थगित किया गया था। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हुई।

19 साल की दिव्या देशमुख ने विमेंस चेस वर्ल्डकप जीता, बनी वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। सोमवार का दिन भारतीय चेस के लिये बड़ा एतिहासिक दिन लेकर आया है। आज 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का महिला वर्ल्ड कप जीत लिया। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले, जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

पारिवारिक कलह के चलते महिला ने की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार गांव कूकड़ा निवासी सोनू की पत्नी मीना का रविवार की शाम परिवार के लोगों से कोई विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि मीना ने तंग आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद परिवार के लोगों ने मीना को उपचार के लिए भोपा रोड स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसी बीच पुलिस को महिला की मौत की सूचना मिली तो नई मंडी कोतवाली पुलिस प्राइवेट नर्सिंग होम पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि इस संबंध में थाने पर अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

जल्द होगा करोड़ों रुपये की नशे की दवाओं को रामपुरी से बेचने का खुलासा

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु)। नगर में नशीली दवाओं का खेल लगातार जारी रहता है, मगर छापामारी के बाद कब, कहां मामला गायब हो जाता है, इसका पता ही नहीं लगता। इस बार नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने 22 जुलाई को रामपुरी में हेमंत शर्मा नामक व्यक्ति को

एक बड़े सपा नेता का नाम भी हो सकता उजागर

गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ जारी है। मगर बताया जाता है कि हेमंत शर्मा को तो सिर्फ मोहरा बनाया हुआ है, इसके पीछे किसी अक्षय शर्मा नामक व्यक्ति का हाथ है। उक्त अक्षय शर्मा ने सीधे-साधे हेमंत शर्मा को 5-7 हजार रुपये प्रतिमाह का लालच देकर उसके नाम पर मेडिकल स्टोर खुलवाने का झांसा दिया और इस झांसे में ही हेमंत शर्मा को उठा लिया गया। बताया जाता है कि जिस दिन छापामारी हुई, हेमंत शर्मा की निशानदेही पर 5 लाख नशीली गोलियां

बरामद की गयी, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई गयी। इस मामले में जब कैमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संगठन मंत्री सचिन त्यागी से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि सिर्फ हेमंत शर्मा ही नहीं नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जिला परिषद बाजार में भी एक दुकानदार के बाहर नोटिस चस्पा किया गया है, मगर चर्चा है कि उक्त दुकानदार ने नोटिस को फाड़ दिया है। उनका कहना है कि समय-समय पर उनकी एसोसिएशन जिला प्रशासन को औषधि प्रशासन को नशीली दवाईयों के विक्रेताओं के नाम लगातार बताती रही है, बावजूद उसके पूरी तरह इन मामलों के खुलासे नहीं हो पा रहे हैं, मगर नशीली दवाईयों को बेचने वाले तो बेशक फल-फूल रहे हों, मगर युवा पीढ़ी पूरी तरह बर्बाद की जा रही है। इस घटनाक्रम में मुजफ्फरनगर का औषधि प्रशासन सही तस्वीर आमजन के समक्ष लाने को तैयार ही नहीं है, क्योंकि 22 जुलाई को ही मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा खुद उक्त मामले में रामपुरी में ही छापामारी की एक तस्वीर ली गयी थी मगर बाहर की टीम ने लोकल टीम पर और लोकल टीम ने बाहर की टीम पर मामले को टालकर इतिश्री कर दी थी। ऐसी बातों से साफ जाहिर होता है कि शायद ऐसी टीमें आपसी सहमति बनाकर इतने बड़े आरोपियों को छोड़ देती होंगी, जो लोग युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। अब देखना होगा कि उक्त मामले में आखिर ही पोल क्या खुलती है। फिलहाल बुलेटिन के पास जो 22 जुलाई की तस्वीरे हैं, वह साफतौर पर दिखाई जा रही हैं।

आखिर कौन होगा सफेद पोश सपा नेता ...?

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। करोड़ों रुपये की नशीली दवाईयों के कारोबार पुलिस द्वारा जल्द ही कॉल डिटेल खंगाले जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि छह लोगों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए गए हैं और उसमें एक सफेशपोश सपा नेता

के नाम की चर्चाएं जोरों पर है। यदि मुजफ्फरनगर का औषधि प्रशासन व नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उक्त करोड़ों के मामले को खोलने में सफल हुई तो छह लोग लम्बे समय के लिए जेल जा सकते हैं। अब देखना यह होगा कि इस मामले में उक्त नेता का नाम कहां तक शामिल है। क्या इस व्यापार में वे आर्थिक रूप से भी संलिप्त हैं या सिर्फ जातिवाद के चलते अवैध काम में शामिल हुए हैं। इसका खुलासा खुद प्रशासन करेगा। फिलहाल तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं और जल्द ही करोड़ों की नशीली दवाई का कारोबार करने वाले लोगों के चेहरे बेनकाब होने की पूरी पूरी सम्भावनाएं जताई जा रही हैं।

साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के मामले में दो और भाईजान गिरफ्तार

▶▶ अब तक कुल 15 हो चुके हैं गिरफ्तार, पहले 13 को दबोच चुकी है पुलिस

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा के दौरान साजिश के तहत साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के उद्देश्य से पाकिस्तान के नृशंस हत्याकांड की वीडियो व भड़काऊ ऑडियो के मामले में जनपद की पुलिस पूरी तरह से सतर्कता से काम कर रही है। मामले में आज पुलिस ने जानकारी दी कि दो और लोगों की गिरफ्तारी की गई है। आपको बता दें कि मामले में पुलिस ने फुरकान अली पुत्र मौहम्मद शफी निवासी जौला थाना बुढ़ाना व सलीम पुत्र यूसुफ निवासी जौला थाना बुढ़ाना को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस ने सोशल मीडिया मानिट्रिंग के माध्यम से थाना ककरौली पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ककरौली के कुछ व्यक्ति ककरौली 'युवा एकता व्हाटसएप ग्रुप' पर एक लोमहर्षक, खतरनाक एवं सनसनीखेज, वीडियो और ऑडियो वायरल कर रहे हैं, जिसमें एक घर में महिला व छोटे-छोटे बच्चों की लाश खून में लथपथ पड़ी हुई है। साथ ही एक ऑडियो डाली जा रही है जिसमें यह कहा जा रहा है कि यह वीडियो जनपद मुरादाबाद के ग्रांम मंसूरपुर थारक नंगला के पास की है, जहाँ बजरंग दल के कुछ लोग मुस्लिम घरों में घुसकर उनकी हत्या कर रहे हैं। उस ऑडियो में

यह भी बोला जा रहा है कि इस प्रकार कई गाँव में बजरंगदल के कार्यकताओं द्वारा मुसलमानों की हत्या की जा रही है। इस वीडियो को ज्यादा से ज्यादा शेयर कर वायरल करने की अपील की जा रही थी। इसी क्रम में थाना भोपा पुलिस द्वारा "इण्डियन ग्रुप", "जिला पंचायत वार्ड 22 जौला ग्रुप" व "मुस्लिम राजपूत संगठन जौला ग्रुप" में शेयर करने वाले अभियुक्त फुरकान अली व "राणा व्हाटसअफ ग्रुप", 2 अन्य को शेयर करने वाले अभियुक्त सलीम को जौली से खतौली को जाने वाली नहर पटरी निर्माणधीन कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दें कि इन दोनों अभियुक्तों से 2 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

अभी तक पकड़े गए आरोपी

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने 21 जुलाई को आरोपी नदीम, मनशेर व रहीस निवासी ककरौली को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया था। उसके बाद पुलिस ने नईमुद्दीन व फईममुद्दीन निवासीगण लद्दावाला, जमीरूद्दीन निवासी मौहल्ला तेली वाली मस्जिद मंसूरपुर, शालिक निवासी मिमलाना रोड थाना को गिरफ्तार किया था। उसके बाद पुलिस ने 25 जुलाई को नवाब राणा निवासी छतेला थाना तितावी, अयूब निवासी गांव पथौली थाना सरूरपुर, मेरठ, सलीम निवासी छपरौली चुंगी किदवईनगर, बड़ौत को गिरफ्तार किया था। 26 जुलाई को ककरौली पुलिस ने जावेद निवासी जसड थाना सरूरपुर जनपद मेरठ जावेद निवासी अनवाड़ा थाना रतनपुरी, हसमत निवासी जौला थाना बुढ़ाना को गिरफ्तार किया था।

श्रीराम कथा मोह से मोक्ष व सांसारिक उलझनों से आत्मिक शांति की ओर ले जाने का मार्ग: अरविन्द महाराज

- भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीराम कथा का आगाज
- मर्यादा पुरूषोत्तम के जयघोष से राममय हुआ पूरा नगर क्षेत्र

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। एसडी कॉलेज मार्किट के मंदिर प्रांगण में श्रावण माह के सोमवार के पावन दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जीवन गाथा पर आधारित श्रीराम कथा महोत्सव का श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ पूजा-अर्चना के बीच शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन की शुरूआत प्रातःकाल भव्य कलश यात्रा से हुई, जो एसडी कॉलेज मार्किट से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों व शिवचौक से होती हुई मार्किट प्रांगण में संपन्न हुई। इस दिव्य कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं, युवतियों एवं भक्तों ने अपने सिर पर कलश धारण कर प्रतिभाग किया। भक्ति संगीत, मंगल ध्वनि, जय श्रीराम के जयघोष व पुष्पवर्षा ने सम्पूर्ण नगर को राममय बना दिया और वातावरण में आध्यात्म की सुगंध घुल गई। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्री राम कथा महोत्सव के बीच प्रातः कलश यात्रा के समापन के बाद अपराह्न 3 बजे कथा स्थल पर पूज्य कथा व्यास अरविंद महाराज जी के मुखारविंद से श्रीराम कथा का प्रथम सत्र आरंभ हुआ। प्रथम सत्र में महाराज श्री ने विधिवत कलश यात्रा की पूर्ति, व्यास पूजन एवं "राम नाम" की महिमा का बड़ा ही भावपूर्ण व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि राम नाम केवल एक उच्चारण नहीं, अपितु आत्मा का परिष्कार करने वाली एक चेतन शक्ति है, जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान, मोह से मोक्ष व सांसारिक उलझनों से आत्मिक शांति की ओर ले जाती है। उन्होंने श्री राम जी के जीवन में निहित आदर्शों, त्याग, मर्यादा शील एवं भक्ति को सरल व सजीव शैली में प्रस्तुत करते हुए समस्त भक्तों को आत्मविभोर कर दिया। इस बीच श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का अश्रुपूर्ण रसवासन किया। कथा मंच पर विशेष रूप से मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ एवं अरविंद बंसल आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, एसडी कॉलेज एसोसिएशन से जुड़े नीरज कुमार, आकाश कुमार, अनुभव कुमार एवं ध्रुव कुमार ने सपरिवार भागीदारी की। श्रीराम कथा में एसोसिएशन संरक्षक राकेश कंसल, योगेश सिंघल भगत जी, विजय तागरा, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, रक्षित नामदेव, अचिन कंसल समेत नगर क्षेत्र के अनेक समाजसेवी, धर्मप्रेमियों, व्यवसायियों एवं श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। श्रीराम कथा संचालन अनिल नामदेव ने किया। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें नगर व आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन हो रहा है। श्रीराम कथा आयोजन समिति की ओर से समस्त नगरवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु सपरिवार पधारकर श्रीराम की दिव्य कथा का श्रवण करने के साथ पुण्य लाभ प्राप्त करें और अपने जीवन को धर्म, सेवा व भक्ति की ओर प्रेरित करें।

शाहपुर नगर पंचायत के नए अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने चार्ज संभाला

शाहपुर, 28 जुलाई (बु.)। नगर पंचायत के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी की मौजूदगी में आज कार्यभार संभाला। इस दौरान नवनियुक्त ईओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ लम्बित पड़ी विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों के साथ भी परिचय बैठक की। चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने ईओ से सभासदों का परिचय कराया। चेयरमैन एवं सभासदों ने प्रथम बार नगर पंचायत आगमन पर आलोक रंजन का स्वागत किया। नगर पंचायत के नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन का नगर पंचायत आगमन पर बुके भेंट कर मान्यता प्राप्त पत्रकार, व्यापार मंडल एवं गौशाला अध्यक्ष सचिन संगल एवं युवा समाजसेवी तोहीद त्यागी ने स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के कार्यभार ग्रहण करने पर सभासद विशाल गर्ग, अब्दुल कलाम अंसारी, आसिफ सलमानी, रीनू, सतीश पाल,आदिल खान, बुद्ध प्रकाश एवं नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी के जनसंपर्क अधिकारी मास्टर वसीम अहमद ने अभिनंदन किया।

कैश फॉर क्वेरी घोटाले में महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती है मुश्किल

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले में सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि यह मामला टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा है। इस मामले में सीबीआई ने पिछले साल 21 मार्च को महुआ मोइत्रा और हीरानंदानी के खिलाफ भ्रष्टाचार काननों की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया था, जो लोकपाल की ओर से उसे सौंपा गया था। इस मामले में महुआ मोइत्रा पर हीरानंदानी से रिश्वत लेकर और अन्य अनुचित फायदा उठाकर संसद में सवाल पूछने और अन्य भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले में महुआ पर आरोप है कि उन्होंने भ्रष्ट आचरण में संलिप्त होकर 'अपने संसदीय विशेषाधिकारों के साथ समझौता किया और लोकसभा लॉगइन जानकारियां साझा करके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला।' सीबीआई ने इसी मामले में अपनी जांच रिपोर्ट लोकपाल को सौंप दी है।

डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में पंचायत एडवान्समेंट 2.0 की कार्यशाला का आयोजन, अधिकारियों को दी ट्रेनिंग

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बुस.)। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में पंचायत एडवान्समेंट 2.0 की कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक (पं.) एवं अन्य 64 जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत एडवान्समेंट 2.0 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

डीएम द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने सम्बन्धित विभागों का डेटा त्रुटि रहित पीएआई पोर्टल पर फीड कराते हुए उसका सत्यापन कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, यदि कहीं पर कुछ शंका हो तो, उसकी जानकारी प्रशिक्षक से प्राप्त कर लें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कोई भी डाटा फीडिंग में किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। उन्होंने कहा कि खंड विकास स्तर के ग्रामों के खंड विकास अधिकारी स्वयं डाटा को अपलोड कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि खंड विकास अधिकारी द्वारा कराए गए डाटा अपलोड कर स्वयं डाटा की भी समीक्षा करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जगदीश पांचाल व व्यापारी श्रीपाल जैन का विवाद हुआ समाप्त, दोनों के बीच प्रशासन ने कराया मामले का पटाक्षेप

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। भाजपा नेता एवं पूर्व पिछड़ा आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल पर उन्हीं की मार्किट के प्लाईवुड व्यापारी श्रीपाल जैन ने उन्हें भूमाफिया बताते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाये थे। हालांकि इन आरोपों को जगदीश पांचाल व उनके समाज के लोगों द्वारा एक सिरे से खारिज कर दिया गया था और कहा था कि उक्त व्यक्ति श्रीपाल जैन खुद भूमाफिया है और जगदीश पांचाल की छवि को धूमिल करने में लगा हुआ है, मगर अगले दिन सुबह श्रीपाल जैन द्वारा एक वीडियो भी वायरल की गयी थी, जिसमें प्लाईवुड व्यापारी की दीवार साफतौर पर तोड़ते हुए दिखाया गया था।

नाटकीय घटनाक्रम के बाद एकाएक पुलिस व प्रशासन ने उक्त मामले में पूरी जांच की और जांच के बाद एकाएक श्रीपाल जैन की भाषा बदली हुई दिखाई दी और दोनों पक्षों ने बकायदा वीडियो जारी कर आपसी समौते की बात स्वीकार की और कहा कि हम दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ था उसे सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर एवं क्षेत्राधिकारी नगर राजू कुमार साव के नेतृत्व में राजस्व टीम को मौके पर भेज कर वस्तु स्थिति की जांच कराई गई और संभ्रांत लोगों के बीच उक्त मामले का पटाक्षेप करा दिया गया है।

वाणिज्य विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बुस.)। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर द्वारा घोषित वाणिज्य परीक्षा परिणाम में छात्रों एवं छात्राओं ने मारी बाजी। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनुपर द्वारा श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीकॉम का रिजल्ट घोषित किया गया। मां शाकुम्भरी विश्व विद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में बीकॉम की छात्रा मेघा अरोरा ने 8.27 सीजीपीए के साथ महाविद्यालय में प्रथम स्थान, महविश ने 8.11 सीजीपीए के साथ द्वितीय जबकि 7.86 सीजीपीए के साथ खुशी चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशफाक अली ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, उप प्राचार्य डॉ. सौरभ मित्तल, समन्वयक नीतू सिंह, डॉ. विनीत शर्मा, मानव संसाधन पंकज कुमार, डॉ. एमएस खान, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अनिरुद्ध कुमार, प्रवक्ता अभिषेक कुमार, अनिका, माधवी कौशिक, अनुज वर्मा, रितु, आकांक्षा धीमान आदि अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गोल्डन पब्लिक स्कूल में नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा हरियाली तीज की धूम

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बुस.)। पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज हरियाली तीज का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर उत्सव की शोभा बढ़ा दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां पार्वती और भगवान शिव की वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने तीज से संबंधित गीतों पर सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें लोक नृत्य, कविता पाठ और गीत प्रमुख रहे। छात्राओं ने झूला झूलते हुए पारंपरिक लोकगीतों को प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को हरे-भरे पौधों, बंदनवारों और रंगोलियों से सजाया गया था, जो हरियाली तीज के महत्व को दर्शा रहे थे। शिक्षकों ने बच्चों को तीज के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी भी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों को हमारी परंपराओं से जोड़ते हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति भी उन्हें जागरूक किया।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	98,650	चांदी-	114300
सिक्का-	1280	गिन्नी-	72490

सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7599, दिनांक 24/07/2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम मानिक कुमार (Manik Kumar)अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- प्रवेन्द्र
ग्राम-जड़ौदा, मुजफ्फरनगर
मो. 7895541187

सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 7520, दिनांक 18/08/2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम आर्या चौहान अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- प्रीतम सिंह पुत्र कान सिंह
ग्राम-पिपलहेरा, तहसील -सदर,
मुजफ्फरनगर, मो. 9012499208

सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 11070, दिनांक 03/11/2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम सिद्धार्थ चौहान अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

निवेदक- प्रीतम सिंह पुत्र कान सिंह
ग्राम-पिपलहेरा, तहसील -सदर,
मुजफ्फरनगर, मो. 9012499208

गूगल की गलती से दुनिया के सामने नग्न हुआ शख्स, कोर्ट ने कंपनी पर ठोका लाखों का जुर्माना

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। अर्जेंटीना में एक पुलिस अधिकारी को गूगल की गलती भारी पड़ गई। वह अपने घर के आंगन में नग्न अवस्था में था, तभी गूगल स्ट्रीट व्यू कार ने उसकी फोटो खींच ली। हैरानी की बात ये है कि तस्वीर में न सिर्फ उसका पूरा शरीर दिख रहा था, बल्कि घर का पता और सड़क का नाम भी साफ नजर आ रहा था। इसके कारण वह अपने पड़ोसियों और काम के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से भी हंसी का पात्र बन गया। आखिरकार शख्स ने कोर्ट की शरण ली और केस जीता। पुलिस अधिकारी ने 2019 में गूगल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसमें उसने दावा किया कि गूगल ने उसकी निजता का उल्लंघन किया और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई। शुरू में स्थानीय अदालत ने यह कहकर कि वह अशिष्ट स्थिति में अपने घर के बाहर था, खारिज कर दिया था। गूगल ने भी अपनी ओर से तर्क दिया कि जो दीवार थी वह पर्याप्त ऊंची नहीं थी, लेकिन जुलाई 2025 में उच्च न्यायालय ने इस फैसले को पलटा और कहा कि यह तस्वीर सार्वजनिक जगह से नहीं बल्कि उसके घर के अंदर, एक 6.5 फुट ऊंची दीवार के पीछे ली गई थी। न्यायालय ने इस गोपनीयता उल्लंघन को स्पष्ट और गम्भीर बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति नहीं चाहता कि वह दुनिया के सामने नंगा दिखाई दे। न्यायालय ने गूगल की अपनी ही नीतियों का हवाला देते हुए कहा कि गूगल के पास चेहरे और नंबर प्लेट ब्लर करने की नीति है, ताकि लोगों की पहचान छुपाई जा सके, लेकिन इस मामले में पूरा नग्न शरीर स्पष्ट रूप से दिखाया गया। इसलिए गूगल से कहा गया कि वह इस गंभीर त्रुटि की जिम्मेदारी स्वीकार करे, इमेज को हटाए और पीड़ित को लगभग 10.8 लाख रुपये ($12,500) का मुआवजा दे। कोर्ट ने गूगन की उस नीति का भी हवाला दिया, जिसमें चेहरे और गाड़ियों की नंबर प्लेट को ऑटोमैटिकली ब्लर करने की बात कही जाती है, लेकिन इस मामले में व्यक्ति का पूरा शरीर दिख गया और गूगल की लापरवाही साबित हो गई।

यज्ञ में ग्रामीणों, विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने आहुति दी

शाहपुर, 28 जुलाई (बु.)। क्षेत्र के गांव गोयला में श्रावणी मास में आयोजित हर घर यज्ञ का संदेश एवं वेद प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज आयोजित यज्ञ में ग्रामीणों, विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने आहुति दी। क्षेत्र के गांव गोयला में श्रावणी मास में आयोजित हर घर यज्ञ का संदेश एवं वेद प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव में स्थित चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल यज्ञ के पुरोहित ओमवीर सिंह दूधली व यजमान प्रधानाचार्य नितेश अहलावत रहे। यज्ञ के पुरोहित ने कहा कि हमें यज्ञ की समिधा की तरह अपने धर्म और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए तथा अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना चाहिए। सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन को सफल बनाने के लिए सत्यार्थ प्रकाश जरूर पढ़ें। इसके अलावा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग प्राणायाम अवश्य करना चाहिए। विद्यालय के पीटीआई अनिल कुमार आर्य ने कहा कि यज्ञ व वेद ही दुनिया में परमात्मा की पूजा करने का श्रेष्ठ माध्यम है। इस दौरान सुरेंद्र सिंह आर्य, जयपाल सिंह आर्य, हरवीर सिंह मलिक, महक सिंह, कृष्णपाल सिंह व इंदलपाल सूबेदार के अलावा विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा की, अमेरिका और चीन ने करवाई मध्यस्थता

बैंकॉक, 28 जुलाई (एजेंसी)। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है। चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं।

सांसद डिंपल यादव पर टिप्पणी: 'नंगा' शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं..

मौलाना बोले- मुझे मुस्लिम होने की सजा मिल रही

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने डिंपल यादव को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी और अन्य संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में इस टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जबकि डिंपल यादव ने कहा कि एनडीए को मणिपुर जैसे मुद्दों पर भी इसी तरह सक्रियता दिखानी चाहिए। वहीं, सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अपनी अपमानजनक टिप्पणी पर एआईआईए अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा, 'संविधान कहता है कि हर धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं और उन मान्यताओं का प्रचार करना मौलिक अधिकारों में से एक है। 'नंगा' शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं है।

यह शब्द समाज में इस्तेमाल होता है। शॉर्ट्स पहनने वाली लड़कियों को देखकर हर कोई कहता है कि वे 'नंगी' हैं। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि उनका सिर और शरीर ढका होना चाहिए था। यह तस्वीर मुसलमानों को अपमानित करने और उन्हें यह दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर क्लिक और अपलोड की गई थी। साजिद रशीदी ने कहा, 'उनका इस्तेमाल संसद तक पहुंचने के लिए किया जाएगा, लेकिन उनका कोई मूल्य नहीं है। यह जानबूझकर किया गया है और पूरा समुदाय नाराज है। मैंने आवाज उठाई और मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मुझे गालियां दी जा रही हैं, मुझे धमकाया जा रहा है, वे मुझे मेरी बेटी के बारे में धमका रहे हैं। अखिलेश यादव यह करवा रहे हैं।

मेरे पास इस्लाम की 'ठेकेदारी' है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा जो इतना आपत्तिजनक हो कि मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। सड़क पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म होना कोई बड़ी घटना नहीं है, लेकिन एक महिला को आईना दिखाना उनके लिए यह बहुत बड़ी घटना है। मुझे मुसलमान होने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।'

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

धरती पर कोई भी कागज जाली हो सकता है

धरती पर कोई भी कागज जाली हो सकता है, यह टिप्पणी कल सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रही एसआईआर पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए की। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन कोर्ट ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगायी है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण में आधार और मतदाता पहचान-पत्र को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने में निर्वाचन आयोग की अनिच्छा पर सवाल जरूर उठाया है। कोर्ट ने कहा कि धरती पर कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। विशेष बात यह है कि कोर्ट की कल की सुनवाई से उन सभी को झटका लगा है, जो सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने की इच्छा लेकर गये थे। सुप्रीम कोर्ट ने कल चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 01 अगस्त को मतदाता सूची का मसौदा जारी करने पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन आयोग को आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड लेने को कहा गया है। आज कोर्ट बहस की तारीख तय करेगा। जस्टिस सूर्यकांत की प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण कल संक्षिप्त सुनवाई ही हो सकी। आज बेंच इस मसअले पर अगली सुनवाई की तारीख तय करेगा, जब बहस की शुरूआत होगी। चुनाव सुधार और धनबल-बाहुबल के खिलाफ अपने ढंग से वोटरों को जगाने में जुटी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर भी कोर्ट में एक याचिकाकर्ता है। एडीआर ने अपने जवाब में कोर्ट से कहा है कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट रिवीजन में जो 11 तरह के कागज मांग रहा है, वो सारे भी गलत तरीके से फर्जी बनाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के इस तर्क में दम नहीं है कि इस आधार पर आधार, राशन या वोटर कार्ड भरोसेमंद नहीं है। एडीआर ने शनिवार को चुनाव आयोग के हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल किया है। उसने कहा है कि आयोग का यह कहना कि उसे नागरिकता के सबूत मांगने का अधिकार है, सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों के खिलाफ है। एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों का जिक्र किया है, जिसमें कहा गया था कि वोटर लिस्ट में शामिल आदमी को अपनी नागरिकता नहीं साबित करनी है। सिर्फ नए लोगों को करनी होगी। वोटर लिस्ट में नाम होना ही नागरिकता का सबूत है और अगर इसे खारिज करना है, तो इसे साबित करने की जिम्मेदारी आपत्ति करने वाले की है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई पर कहा था कि नागरिकता तय करना गृह मंत्रालय का काम है, चुनाव आयोग का नहीं। विपक्ष कह रहा है कि वोटर लिस्ट रिवीजन की आड़ में चुनाव आयोग के रास्ते पिछले दरवाजे से सीएए कानून लागू किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कोर्ट से कहा है कि जब वोटर लिस्ट का नए सिरे से रिवीजन हो रहा है, तो उस प्रक्रिया में आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड या राशन कार्ड विश्वसनीय दस्तावेज नहीं हैं। आयोग ने 11 तरह के पेपर बताए हैं, जिसे वोटर गणना फॉर्म के साथ दे सकते हैं। इस तरह का पेपर सिर्फ उनको देना है, जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था और उसके बाद के सालाना या चुनावी संक्षिप्त पुनरीक्षण में जोड़ा गया था। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण के दौरान उसे मतदाताओं से नागरिकता के सबूत मांगने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि आपकी लिस्ट वाले पेपर भी निर्णायक नहीं हैं। कोर्ट ने आयोग से पूछा कि क्या वो आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान-पत्र स्वीकार करेगा। आयोग ने कहा कि उसे राशन कार्ड स्वीकार करने में दिक्कत है। आयोग ने कहा कि वोटर आईडी तो फॉर्म पर पहले से प्रिंटेड है और फॉर्म में वोटर को आधार नंबर भरना है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि अदालत ही का आदेश है कि आधार कार्ड नागरिकता की पहचान का दस्तावेज नहीं है। संसद परिसर में विपक्षी सांसदों का एसआईआर रोकने की मांग को लेकर कई दिनों से प्रदर्शन चल रहा है, कल भी प्रदर्शन हुआ, जिसमें प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। विपक्ष लगातार वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ बोल रहा है। बिहार में इस मसअले पर महागठबंधन ने बंद का भी आयोजन किया था, जिसमें राहुल गांधी भी गए थे। इन दलों का कहना है कि चुनाव आयोग वोटरों का नाम काटने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग ने विपक्ष के तमाम नेताओं के ट्वीट और बयान का लगातार खंडन किया है। चुनाव आयोग ने रविवार को बताया था कि बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं में 7.24 करोड़ वोटरों ने गणना फॉर्म भरकर जमा कर दिया है। यह संख्या 91.69 प्रतिशत है। इस प्रक्रिया में 22 लाख मृत वोटर मिले, जो 2.83 फीसदी थे। 36 लाख मतदाता दूसरे राज्य में बस गए हैं, जो 4.59 परसेंट हैं। 7 लाख लोग ऐसे भी मिले जो एक से अधिक मतदान केंद्र पर मतदाता सूची में दर्ज थे। ये लोग 0.89 फीसदी निकले। ये सब मिलाकर 100 फीसदी यानी 7.89 करोड़ बनता है। चुनाव आयोग ने इसे पूरी तरह सफल अभियान बताया है। 01 अगस्त को आयोग ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी करेगा, जिस पर आपत्ति और दावे के जरिए छूटे नाम निर्धारित फॉर्म भरकर जोड़े जा सकेंगे या गलत नाम को हटाया जा सकेगा। आयोग किसी भी शिकायत अथवा त्रुटि की सुनवाई के लिये तैयार रहता है। सब शिकायतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत दूर किया जाता है। कोर्ट में सुनवाई के दिन भी मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अखिलेश यादव सहित इंडिया ब्लॉक के प्रमुख नेता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संसद के मकर द्वार के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन में सभी विपक्षी दलों ने भाग लिया, नेताओं ने लोकतंत्र पर वार लिखे बैनर और ₹स्टॉप एसआईआर₹ लिखी तख्तियां पकड़ी हुई थीं, जिसमें सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया गया। देखना यह है कि अदालत के रुख के बाद विपक्ष का प्रदर्शन कैसा रहेगा। संसद के भीतर कल ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी थी, लेकिन यह चर्चा विपक्षी हंगामे की वजह से शुरू नहीं हो पाई। हंगामे के चलते पहले सदन की कार्यवाही को 12 बजे, फिर 01 बजे तक स्थगित किया गया। 01 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने फिर हंगामा शुरू कर दिया, जिस पर स्पीकर ओम बिरला काफी गुस्से में आ गए और उन्होंने अखिलेश यादव का नाम लेकर कहा कि वे नेताओं को सर्वदलीय बैठक में समझा कर भेजा करें।

चार तीर

सुनील उत्सव

'समय' 'जेवर' 'प्यार' 'खुशबू'

समय की धूल से मद्धम तो अक्सर पड़ ही जाती है,
मगर सोने के जेवर की चमक काली नहीं पड़ती।
पुराने प्यार में भी हैं, नयी बातें, नयी खुशबू,
मोहब्बत की चमक प्यारे कभी फीकी नहीं पड़ती।

श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्या
श्रीमती नीरा कुच्छल रानी धर्मपत्नी श्री राजीव कुमार
का दिनांक 19 जुलाई 2025, दिन-शनिवार को अकस्मात् निधन हो गया है।
परमपिता परमेश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। हम प्रार्थना करते हैं कि
प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु
श्रद्धांजलि सभा, दिनांक 30 जुलाई 2025, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम
ब्रह्मभोज .....12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ..... 3:00 बजे अपराह्न
स्थानः- आशीर्वाद बैंकेट हॉल,
लक्षमण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

-: शोकाकुल परिवार:-
रचित कुच्छल-श्रीमती कोमल (पुत्र-पुत्रवधू) श्रीमती सुनीता रानी (जेठानी)
काशवी कुच्छल (पौत्री) श्रीमती अलका रानी (जेठानी)
विनय कुमार कुच्छल-सुधा रानी (जेठ-जेठानी)
अनूप कुमार कुच्छल- श्रीमती सीमा रानी (जेठ- जेठानी)
एवं समस्त कुच्छल परिवार।

प्रतिष्ठानः- कुच्छल टायर्स, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
निज निवासः-
209, फेज-2, सुरेन्द्र नगर, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
M.: 9837052834, 9897632001, 9897632003
किसी की पगड़ी रखी नहीं जाएगी, कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

05 करोड़ की लागत से बनने वाले विद्युत उप केंद्र का मंत्री ने किया भूमि पूजन

- 20 एमवी क्षमता के विद्युत उप केंद्र से सुधरेंगे हालात

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। नगरीय क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति को भविष्य में सुचारू करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच सदर विधायक व यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव के प्रयासों के चलते एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस कड़ी में बुढ़ाना मोड़ क्षेत्र में क्षेत्र की जनता को राहत देने के लिए अत्याधुनिक विद्युत उप केंद्र के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इसके निर्माण के बाद यह उप केंद्र न केवल मौजूदा बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनाएगा, अपितु इससे नगर की दर्जनों कॉलोनियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली की उपलब्धता मिल सकेगी। सोमवार को नगर विधायक एवं व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को शहर के बुढ़ाना मोड़ क्षेत्र में करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बने 20 एमवी क्षमता वाले नए विद्युत उप केंद्र के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह उप केंद्र केवल एक तकनीकी ढांचा नहीं, बल्कि विकास, विश्वास व भाजपा सरकार की जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध सोच का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह नया उप केंद्र क्षेत्रवासियों को 24 घंटे निर्बाध और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा, जिससे न सिर्फ घरेलू जीवन सरल होगा, बल्कि इस क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय उद्योगों को भी ऊर्जा सुलभ होगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस उप केंद्र से शामली रोड स्थित पुराने उपकेंद्र को भी जोड़ा जाएगा, जिससे खांजापुर, गौशाला, रामलीला टिल्ला, प्रेमपुरी, लद्दावला, कृष्णापुरी, खालापार, नुमाइश कैम्प, लक्ष्मण विहार समेत अनेक मौहल्लों को बेहतर बिजली आपूर्ति की सुविधा मिल सकेगी। इस नई पहल से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं के समाधान की उम्मीद की जा रही है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान भाजपा हनुमत मण्डल अध्यक्ष दीपक मित्तल, राधे वर्मा, शलभ गर्ग, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, मोहित मलिक, मनु प्रिय मजदूर, हरेंद्र पाल, अजय सागर, अमित सुधा, विभागीय अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

छांगुर बाबा मामले में डीजीपी राजीव कृष्ण का बड़ा बयान, बोले- साथ देने वाले अफसरों पर सख्त कार्रवाई होगी

लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसी)। यूपी के बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद आगरा में भी धर्मांतरण का मामला सामने आया है। इसके साथ ही अन्य जिलों से भी इससे जुड़ी शिकायतें आई हैं। इस अवैध धर्मांतरण मामलों को लेकर योगी सरकार बेहद सख्त है। यूपी पुलिस इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। साथ ही छांगुर बाबा मामले में कुछ पुलिस अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। इस पूरे मामले पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने धर्मांतरण के मामले पर कहा कि जहां भी योजना के तहत धर्मांतरण हो रहा है, उसके खिलाफ यूपी पुलिस, एटीएस और एसटीएफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि इन मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छांगुर बाबा मामले में पुलिस अधिकारियों के शामिल होने पर राजीव कृष्ण ने कहा कि इस मामले में जो भी लोग शामिल होंगे, उनके खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि यूपी एटीएस की ओर से सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इस मामले में बहुत गहराई से जांच की जा रही है। फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन भी जा रही है। इसके साथ ही डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि बॉर्डर की सुरक्षा बेहद जरूरी है। इसके लिए जो भी जरूरी कदम उठाने होंगे, वो उठाए जाएंगे। हाल ही में 122 अवैध रूप से बने ढांचों पर कार्रवाई की गई है।

क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने में जनसहयोग बड़ा जरूरी: मीनाक्षी स्वरूप

- 57 लाख रुपये की लागत से तैयार पांच नवनिर्मित सड़कों का चेयरपर्सन ने किया लोकार्पण

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। नगर विकास को नई गति प्रदान करते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन ने सोमवार को दो वार्डों में नगर की तीन कालोनियों अम्बा विहार, अवध विहार व अग्रसैन विहार में करीब 57 लाख रुपये की लागत से बनी 5 सड़कों का लोकार्पण करते हुए उन्हें जनता को समर्पित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका परिषद् क्षेत्र में स्वच्छता, आधारभूत ढांचे और सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में शहर की हर गली और मौहल्ले में साफ-सफाई और बेहतर सड़क सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को एक स्वच्छ, सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा सोमवार को सभासद रजिया शाहिद आलम के वार्ड 43 के अंतर्गत मौ. अम्बा विहार के मुख्य मार्ग के नव निर्माण को जनता को समर्पित किया। यहां पहुंचने पर सभासद पति शाहिद आलम ने चेयरपर्सन का बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने यहां पर मुख्य मार्ग का उद्घाटन किया। करीब 350 मीटर लंबा यह मुख्य मार्ग पालिका द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत राज्य वित्त आयोग की धनराशि से दो हिस्सों में नाज प्रोविजन स्टोर से सतीश गोयल टिहरी के आवास तक व मुस्तफा मस्जिद वाली गली से भोला जनरल स्टोर तक सीसी रोड के रूप में निर्मित कराया। इस पर पालिका द्वारा करीब 28 लाख रुपये का बजट खर्च किया है। उद्घाटन से पूर्व चेयरपर्सन ने भ्रमण करते हुए सड़क निर्माण गुणवत्ता को परखा और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया। बाद में वार्ड 18 में सभासद ममता बालियान के साथ में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने राज्य वित्त आयोग के तहत करीब 29 लाख रुपये की लागत से तैयार 3 सीसी सड़कों का उद्घाटन किया। यहां सभासद के साथ स्थानीय लोगों ने चेयरपर्सन का अभिनंदन कर सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, पालिका वार्ड सभासद पति शाहिद आलम, सभासद ममता बालियान, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, सलीम, शौकत अंसारी, पूर्व सभासद विकल्प जैन, आशुतोष गुप्ता, जोटी त्यागी, जेई कपिल कुमार एवं लिपिक गोपाल त्यागी समेत समाजसेवी असद फारूकी, कासिम जिला पंचायत सदस्य, परवेज अहमद, दानिश, रियाज एड, आरिफ राणा, डॉ.जुल्फिकार राव समेत बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

डीएम की अध्यक्षता में आइजीआरएस कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

- आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बुस.)। डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आईजीआरएस के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने के कारण जनपद की रैंकिंग खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का स्वयं अवलोकन करें तथा उस शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की रैंक में आपेक्षित सुधार लाने की आवश्यकता है, जिससे जिले की ओवर ऑल रैंकिंग और बेहतर हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियंता सिंचाई, एडीओ पंचायत चरथावल, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, कृषि विभाग आदि विभागों द्वारा शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न किए जाने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा यदि उक्त शिकायतों का निस्तारण समय अंतर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जाता है तो, एसे अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस शिकायत का निस्तारण सही ढंग से किया जाए, शिकायतकर्ता संतुष्ट है या असंतुष्ट शिकायतकर्ता से फोन से वार्ता कर शिकायतकर्ता का फीडबैक भी संबंधित अधिकारी द्वारा लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से जिस नंबर द्वारा वार्ता की जाए, उक्त का मोबाइल नंबर, समय, दिनांक अवश्य अंकित करें और यदि निरीक्षण में संबंधित अधिकारी आख्या ली गई है, तो उसका जियो टैग फोटो अपलोड अवश्य किया जाए तथा उसको टिप्पणी में भी अंकित किया जाए। उन्होंने कहा कि अ और इ श्रेणी वाले अधिकारीगण अपनी श्रेणी बनाए रखें तथा जो विभाग ए श्रेणी में है, वह अपने शिकायतों के निस्तारण में सुधार अवश्य लाएं, जिससे रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

शिव शक्ति मंदिर में किया गया बाबा भोले का गुणगान

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। शिव शक्ति मन्दिर भरतिया कॉलोनी नई मंडी प्रांगण में सावन माह में प्रतिदिन महिलाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का कीर्तन सोमवार में विभिन्न कार्यक्रम के तहत मन्दिर की संस्थापिका माता राजरानी के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान मन्दिर के सदस्यों ने मिलकर भगवान भोलेनाथ का बर्फानी शिवलिंग बड़ी श्रद्धा के साथ तैयार किया। इस बीच महिला एवं पुरुषों द्वारा भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक पंडित के माध्यम से कराया गया। मंदिर प्रांगण में संपन्न कीर्तन में मुख्य रूप से शालू जैन, गीता रानी, सुषमा रानी, सुदेश, अरुणा, माला, आभा, उषा, सुधा, लक्ष्मी अरोरा कमलेश आदि आदि भक्तों के साथ मुख्य जजमान रविन्द्र सिंघल, लता सिंघल के अतिरिक्त सुरेन्द्र अग्रवाल, शंकर, सागर, महेश, भारत भूषण अरोरा इत्यादि उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने पूजा अर्चना करते हुए माता राजरानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। आगामी सोमवार को मंदिर में 24 घंटे बेल पत्रों द्वारा ओम नमः शिवाय का जाप भगवान शंकर के शिवलिंग को तैयार किया जायेगा। भक्तों से प्रार्थना है कि अपना समय निकालकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर बेल पत्र चढ़ाये और धर्म लाभ उठायें।

डीएम कार्यालय पर धरने पर बैठा कोरी समाज

- जाति प्रमाण-पत्र जारी होने तक दी आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। सोमवार को कोरी समाज जनपद मुजफ्फरनगर की इकाई ने अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र जारी न होने के विरोध में कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्ट्रेट में धरना दिया। इस बीच डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में कोरी समाज के लोगों ने अपने हक एवं अधिकारों के लिए हर संभव संघर्ष जारी रखे जाने का ऐलान किया। कोरी समाज की जिला इकाई से जुड़े बलराज कोरी ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में समाज के जिले में हो रहे शोषण की ओर प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए इस भेदभाव पूर्ण तरीके को रोके जाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में कोरी समाज के लोगों के जनपद में जाति प्रमाण-पत्र बनते आ रहे थे, जिन्हें प्रशासन व तहसीलदार द्वारा बिना किसी ठोस साक्ष्य के रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि कोरी समाज के लोगों के पास पूर्व में उनके पिता, दादा के कोरी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध होने के बावजूद भी उन्हें जाति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है, जिससे उनके बच्चों को नौकरी आदि में आवेदन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम उमेश मिश्रा से कोरी समाज की जरुरत के आधार पर जाति प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की व्यवस्था फिर से शुरू कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों को ऐसे में कोरी जाति के पूर्व प्रमाण-पत्र, टीसी व परिवार रजिस्टर उपलब्ध होने व साक्ष्य लगाने के बाद फिर से प्रमाण-पत्र जारी कराए जाने की मांग की। उन्होंने ऐलान किया कि जब तक उनको उनका हक व अधिकार नहीं मिलता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

संविदा सफाई कर्मियों को स्थाई करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ सहारनपुर मण्डल प्रभारी दीपक गम्भीर के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मंत्री कपिल देव अग्रवाल से उनके आवास पर मिला और सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। सहारनपुर मंडल प्रभारी दीपक गम्भीर ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल को बताया कि 2006 से आज तक करीब 19 वर्षों से संविदा सफाई कर्मचारी पूर्ण ईमानदारी, लगन और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं लेकिन बड़ी विडंबना की बात है कि आज तक सरकार में बैठे समाज का प्रतिनिधित्व करने वालों ने कभी अस्थाई सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग सरकार के समक्ष नहीं उठाई। ऐसे में उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ को आपसे बड़ी उम्मीदें है कि आप मुख्यमंत्री के समक्ष निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने व छठें वेतन की भांति संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन का लाभ दिलाने की घोषणा से लाभान्वित करने के साथ शासनादेशों के अनुसार संविदा, आऊटसोर्सिंग के सफाई कर्मचारियों को राहत दिलाने की पहल करेंगे।

बुलेटिन कार्यालय पहुंची पालिका चेयरपर्सन ने कांवड़ में निस्वार्थ सेवा करने का दिया प्रशस्ति पत्र

- बुलेटिन सम्पादक ने जताया चेयरपर्सन का आभार, नगर को उत्तम नगर बनाने पर किया विचार

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। पालिका क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की कवायदों में जुटी पालिका चेयरपर्सन धरातल पर विकास कार्यों का निरीक्षण करने और पादर्शिता लाने के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में स्वच्छ नगर बनाने के अभियान में जुटे जिम्मेदारों को प्रोत्साहित करने से भी पीछे नहीं हैं। उनकी इस पवित्र मंशा में उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप समेत टीम के अन्य तमाम सदस्य भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने बीते दिवस अपने आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक और सामाजिक स्तर पर अथक प्रयासों व समर्पण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। सोमवार को इसी मुहिम के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंची और उन्होंने बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, प्रकाशक पूजा दुआ और बुलेटिन टीम के अन्य सदस्यों के साथ राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के साथ नगर विकास की दिशा में शुरू अपने अभियान में सहयोग का आह्वान किया। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचकर उन्होंने मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक द्वारा छेड़ी उत्तम गौसेवा की मुहिम की सराहना करते हुए नगरपालिका की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं नगर के विकास एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए वर्ष 2027 तक मुजफ्फरनगर को उत्तम नगर के रूप में विकसित किए जाने की शुरू योजना में सहयोग मांगा। उन्होंने मोदी-योगी सरकारों द्वारा शुरू की जन उपयोगी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी मंशा सरकार की नीतियों को जन जन और हर घर तक पहुंचाने के साथ ही पारदर्शिता, ईमानदारी और सेवा भावना को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। बुलेटिन कार्यालय पर पहुंची चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ और पूजा दुआ को इस दौरान मुजफ्फरनगर जनपद में निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई कांवड़ यात्रा मेले के संपन्न होने पर सम्मानित किया और इस धार्मिक कांवड़ यात्रा में मार्गदर्शन करने के लिए मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक और उनकी पूरी टीम के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए नगर विकास में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, पूर्व सभासद विकल्प जैन, आशुतोष गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

यूपी में प्रशासनिक फेरबदल जारी : अब 12 पीसीएस अफसरों के तबादले, कई जिलों के एडीएम बदले

लखनऊ, 28 जुलाई (एजेंसी)। यूपी में पीसीएस अधिकारियों के तबादले का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। रविवार देर रात 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादलों के बाद सोमवार को 12 और अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया। इस फेरबदल में कई जिलों के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) और उप जिलाधिकारी (एसडीएम) शामिल हैं, जिन अफसरों का ट्रांसफर किया गया है उनमें अपूर्व कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) आगरा को संयुक्त निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। यमुनाधर चौहान, प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ को अपर जिलाधिकारी (नगर) आगरा की जिम्मेदारी दी गई है। बृजेश कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमरोहा का तबादला संयुक्त निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय लखनऊ के रूप में किया गया है। गरिमा सिंह, मेरठ मंडल की अपर आयुक्त को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमरोहा बनाया गया है। राकेश कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी कासगंज को अपर आयुक्त लखनऊ मंडल के रूप में स्थानांतरित किया गया है। दिग्विजय प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इटावा को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) कासगंज नियुक्त किया गया है। राजेंद्र बहादुर, उप जिलाधिकारी इटावा को नगर मजिस्ट्रेट इटावा बनाया गया है। अंबरीश कुमार बिंद, अपर जिलाधिकारी रामपुर को अपर आयुक्त मेरठ मंडल के पद पर भेजा गया है। संदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट रामपुर को अपर जिलाधिकारी रामपुर बनाया गया है। रेशमा सहाय, उप जिलाधिकारी यीडा को उप जिलाधिकारी कन्नौज के रूप में तैनात किया गया है। रेणुका दीक्षित, उप जिलाधिकारी यीडा को उप जिलाधिकारी इटावा नियुक्त किया गया है।

फंदे पर लटक कर आत्महत्या की

सिखेड़ा, 28 जुलाई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति ने रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नवीन कुमार पुत्र ब्रजपाल निवासी गांव सिखेड़ा ने थाने पर सूचना देकर बताया कि

मैं और मेरी पत्नी रविवार को खेत पर काम करने गए थे। मेरा छोटा भाई गौरव उम्र लगभग 20 वर्ष, जो मानसिक रूप से बीमार रहता था। घर पर अकेला था, जब हम दोनों खेत से वापिस आए, तो वह रस्सी पर लटका हुआ मिला। पड़ोसियों की मदद से उसको रस्सी काटकर नीचे उतारा। उसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी जानसठ ले गए। वहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पाकर फोरेन्सिक टीम को मौके पर बुलवाया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया दिया है।

कांशीराम कॉलोनी में आत्महत्या करने वाले युवक की पत्नी को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में 24 जुलाई को 27 वर्षीय मोहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मोहित रोडवेज बस स्टैंड पर चाय की दुकान चलाने का काम करता था। उक्त मामले में मोहित के भाई राहुल ने भाभी सुमन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी। मृतक के भाई राहुल का आरोप है कि भाभी उसके भाई को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी, जिस कारण उसने मजबूर होकर आत्महत्या को अंजाम दिया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि आत्महत्या के दौरान आरोपी महिला ने पति को वीडियो कॉल भी की थी। आत्महत्या के बाद आरोपी महिला को पुलिस को लगातार गुमराह करती रही। जांच में इस बात का खुलासा हुआ, जिसके बाद आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है।

रामपुर तिराहा काण्ड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में कोर्ट में हुई सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के चलते दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों पर पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोककर उन पर गोलियां चलाने, महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले में सोमवार को सुनवाई की गयी। आपको बता दें कि इस मामले में सात आन्दोलनकारियों की मौत हो गयी थी। सोमवार को कोर्ट में तीन पुलिसकर्मियों की शिनाख्त की गई और कोर्ट में बताया गया कि आरोपी पुलिसकर्मियों ने ही बसों के शीशे तोड़कर महिलाओं से अभद्रता, गाली गलौच की थी। आपको बता दें कि इस मामले में सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट के आदेश पर अलग अलग सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। उत्तराखण्ड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा की मानें तो सोमवार को कोर्ट में उपस्थित आरोपी पुलिसकर्मी राकेश कुमार, विरेन्द्र कुमार व कृपाल सिंह की शिनाख्त करते हुए गवाह ने बताया कि बसों में चढ़कर गाड़ियों के शीशे तोड़े और बसों में सवार महिलाओं से अभद्रता करते हुए गाली गलौच की गई। इनके अलावा कोर्ट में रणपाल, तमकीन अहमद समेत चार आरोपी और पेश हुए। गवाह को पुलिस सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए 4 अगस्त की तिथि नियत की है।

युवक के खाते से हजारों की नकदी निकाली

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। छपार क्षेत्र के गांव बरला निवासी आरिश अली ने घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका यूनियन बैंक की शाखा बरला में संचालित है। पिछली 27 जुलाई को उसके खाते से अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी से सात बार में 78 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। पीड़ित आरिश अली ने इसकी शिकायत बैंक में की, जहां से उसे ज्ञात हुआ कि रुपये यूपीआई के द्वारा निकाले गए हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। गांव छपार निवासी शमशाद पुत्र अजीज ने घटना के सम्बंध में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन नजमा की शादी गांव थीथकी, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर निवासी मोहम्मद अली के साथ हुई थी, जिसका किसी अन्य महिला के साथ भी प्रेम-प्रसंग चल रहा है, नजमा ने जब इसका विरोध किया तो उस पर साथ लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमलाकर लहूलुहान कर दिया और घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस से घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

शव मिलने से हड़कम्प

खतौली, 28 जुलाई (बु.)। नगर क्षेत्र में स्थित तहसील कार्यालय के सामने रेलवे लाइन के निकट एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिलने से नागरिकों में हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह के दौरान रेलवे लाइन के निकट एक युवक का शव पड़ा मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया गया, जिस पर मृतक की पहचान साहिल (25) पुत्र आशिक अली निवासी गांव गढ़ी थाना जानसठ के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस की आशंका के अनुसार युवक की मौत किसी रेल से टकराने से हुई। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया।

बिहार के बदमाश डब्लू यादव हापुड़ में ढेर, एसटीएफ ने किया एनकाउंटर

हापुड़, 28 जुलाई (एजेंसी)। यूपी एसटीएफ को सोमवार उस समय बड़ी सफलता हासिल हुई, जब एक खुफिया जानकारी के आधार पर एसटीएफ ने बिहार के बड़े बदमाश डब्लू यादव को मार गिराया। डब्लू यादव बिहार का 50 हजार का इनामी था। रविवार रात ढाई बजे टीम ने बढ़ा नहर पुल के पास घेराबंदी की। बदमाश को सरेंडर करने के लिए कहा, तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डब्लू यादव बिहार के बेगूसराय का रहने वाला था। इसने जीतन राम मांझी की हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश शाह की अपहरण के बाद हत्या की थी। डब्लू ने 2017 में अपने खिलाफ न्यायालय में गवाही देने पर महेंद्र यादव की

गोली मारकर हत्या कर दी थी। 18 जुलाई को बिहार पुलिस ने डब्लू को भगोड़ा घोषित किया था। डब्लू पर हत्या, डकैती और रंगदारी समेत 24 मुकदमे यूपी और बिहार में दर्ज थे।

ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान थरूर बोले-मौन व्रत, मौन व्रत, विदेश जाने वाले डेलिगेशन में थे शामिल

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। कांग्रेस नेता शशि थरूर फिर से सुर्खियों में आ गये हैं। सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए। उन्होंने मीडिया से कहा, 'मौनव्रत... मौनव्रत'। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। बाद में जब चर्चा शुरू हुई, तो उनका नाम कांग्रेस के वक्ताओं की लिस्ट में नहीं था। कांग्रेस का कहना है कि थरूर ने चर्चा में शामिल होने से इंकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी ने थरूर से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का नेतृत्व करने के लिए कहा था, लेकिन थरूर ने कांग्रेस की लाइन पर बोलने से इंकार किया था। कांग्रेस सांसद थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। थरूर ने राष्ट्र पहले की बात कहते हुए सरकार के इस कदम का समर्थन किया था। उन्होंने लेख लिखकर प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ भी की थी।

जयशंकर ने संसद में खारिज किया ट्रंप का सीजफायर दावा, बोले- 22 अप्रैल से 17 जून तक मोदी-ट्रंप में कोई बात नहीं हुई

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। लोकसभा में आज जिस मुद्दे की सबसे अधिक चर्चा रही वह है ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर को लेकर की गई मध्यस्थता। विपक्ष का हर नेता बस यही आरोप लगा रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झुक गए और पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर सहमत हो गए। लेकिन, अब इस मामले पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने साफ-साफ बता दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की और से किसी तरह की मध्यस्थता नहीं की गई। एस जयशंकर ने कहा कि 22 अप्रैल से 17 जून तक पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई बात ही नहीं हुई थी तो फिर मध्यस्थता का सवाल ही कहां है। विदेश मंत्री ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद एक स्पष्ट, मजबूत और दृढ़ संदेश भेजना जरूरी था। पाकिस्तान ने सारी सीमाएं पार कर दी थी और हमें यह स्पष्ट करना था कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। पहला कदम, जो उठाया गया, वह यह था कि 23 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई।

पहलगाम के आतंकी क्या पाकिस्तान से आये थे- पी चिदंबरम

नई दिल्ली, 28 जुलाई (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने पहलगाम हमले पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा था कि कैसे पता कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे। कांग्रेस के पूर्व वित्त मंत्री का यह बयान संसद में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा के कुछ घंटे पहले आया। चिदंबरम ने शनिवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'एनआईए यह बताने को तैयार नहीं है, कि इन हफ्तों में उन्होंने क्या किया? क्या एनआईए ने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे। इसका कोई सबूत नहीं है।' भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की जल्दी की है। जब भी हमारी सेना पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना करती है। कांग्रेस के नेता इस्लामाबाद के वकील ज्यादा लगते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में कांग्रेस हमेशा दुश्मन को बचाने में जुट जाती है।

शिवचौक समेत अन्य मंदिरों और शिवालयों तक गूंजे जयकारे

▶▶ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मांगी खुशहाली की मन्नतें

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। श्रावण माह के तीसरे सोमवार को नगर के हृदय स्थल शिवचौक समेत अन्य मंदिरों में शिव भक्तों की लंबी कतारें बाबा का पूजन करने को दिखाई दी। इस दौरान आस्था और विश्वास के बीच भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हुए शिवभक्तों ने घर-परिवार की खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए बेल पत्र, भांग, धतूरा, फल-फूल व मिष्ठान्न अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना की। शिवचौक पर इस बीच सुबह से भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। इसके साथ नगर क्षेत्र के अन्य मंदिरों और गांव-देहात व कस्बों में शिवभक्तों की पूजन एवं जल चढ़ाने का क्रम जारी रहा। श्रावण माह के तीसरे सोमवार को नगर मुख्यालय से गांव देहात व कस्बों में हर ओर बोल-बम के जयघोष के बीच पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के बीच भक्ति का माहौल दिखाई दिया। शिवचौक के साथ इस बीच अन्य शिवालयों एवं मंदिरों में भी बाबा भोले की पूजा-अर्चना को तमाम भक्तों की भीड़ सुबह से देखने को मिली। इस दौरान शिवचौक समेत अन्य मंदिरों में बम-बम के जयघोष के बीच पूजा-अर्चना की गई। तीसरे सोमवार को शिवचौक के अलावा नगर के गांधी कॉलोनी स्थित अनन्तेश्वर महादेव मंदिर, अंसारी रोड के भौरो वाला मंदिर, नदी घाट स्थित आत्मबोध योग मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, शेरनगर स्थित शिव मंदिर, नई मंडी स्थित श्री गणपतिधाम शिव मंदिर प्रांगण के साथ मौ. कृष्णापुरी, शिवपुरी, आनन्दपुरी, रामपुरी, जनकपुरी, कच्ची सड़क, इन्दिरा कॉलोनी, जसवंतपुरी, केवलपुरी, ब्रह्मपुरी, आर्यपुरी, नई मंडी, सुभाष नगर, गांधी कॉलोनी, नुमाईश कैंप समेत शहर के तमाम शिवालयों व मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस बीच भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए बाबा को फल, फूल, बेल पत्र, भांग व धतूरा आदि अर्पित करते हुए रोली चंदन का तिलक लगाने के साथ धूप-दीप से आरती की।

बहराइच में तेन्दुआ का हमला

बहराइच, 28 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा पिपरा की एक बालिका पर आज तेंदुआ ने जंगल से निकाल कर हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजनों ने हल्ला मचाया। जिससे तेंदुआ बालिका को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई।बालिका के गर्दन पर गहरे जख्म हैं। परिजनों ने घायल बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर उपचार के लिए ले गए। चिकित्सकों द्वारा बालिका का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा रेंज अंतर्गत सेमरहना गांव निवासी रामभुवन की पुत्री संजना (14) घर के बाहर बैठी थी। घर के सामने सड़क पार जंगल से निकलकर एक तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

सब्जी विक्रेता को चाकू मारकर घायल किया

मीरापुर, 28 जुलाई (बु.)। गांवों में फेरी कर रेहड़े में सब्जी बेचने वाले युवक को तीन नकाबपोश युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने घायलावस्था में थाने पहुँचकर पुलिस को सूचना दी। गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी आमिर पुत्र इकराम गांवों में फेरी कर रेहड़े में सब्जी बेचने का काम करता है। आमिर ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह सिकन्दरपुर गांव में सब्जी बेचकर वापस आ रहा था, जैसे ही वह शीतला माता मंदिर के गेट के समीप केले के बाग के सामने पहुँचा, तभी बाग से निकले तीन नकाबपोश युवकों ने उसे रोक लिया तथा उसकी गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया, जिस पर आमिर ने शोर मचाया, तो हमलावर फरार हो गए। चाकू लगने से मामूली घायल हुआ आमिर थाने पहुँचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेजा तथा मामले की जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बिजनौर में एसडीएम को जान से मारने की धमकी, मैसेज भेजकर मांगी 15 लाख रुपये की फिरौती

बिजनौर, 28 जुलाई (एजेंसी)। जिले के धामपुर तहसील में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां तैनात एसडीएम को एक अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी भरे मैसेज मिले हैं। हैरानी की बात यह है कि धमकी देने वाले ने तंजीम हत्याकांड का हवाला देते हुए फिरौती भी मांगी है। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना 24 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 2:50 बजे की बताई जा रही है। उपजिलाधिकारी रीतु सिंह ने शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर कई आपत्तिजनक संदेश और बारकोड भेजे गए। आरोप है कि मैसेज में

जान से मारने व अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। शिकायत में उन्होंने बताया कि धमकी देने वाले ने तंजीम अहमद हत्याकांड का हवाला देते हुए 15 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी है। इसके लिये धमकी देने वाले ने बारकोड भी भेजे हैं। आरोप है कि हत्याकांड का जिक्रकर जानबूझकर भय पैदा करने की कोशिश की गई। घटना के बाद एसडीएम रीतु रानी ने कोतवाली धामपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई। साथ ही उन्होंने धमकी वाले मैसेज और बारकोड के स्क्रीनशॉट भी साक्ष्य के तौर पर पुलिस को सौंपे हैं। मामला अब साइबर अपराध, फिरौती व धमकी जैसे गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया है।

जिला पंचायत सदस्य ने दी आत्मदाह की चेतावनी, हड़कंप

चरथावल, 28 जुलाई (बु.)। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम किशनपुर माजरा में खराब रास्ते की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा अब उबाल पर है। गांव की मुख्य सड़क की हालत वर्षों से जर्जर है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। अब इस गंभीर लापरवाही के विरोध में जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू ने एक सप्ताह में रास्ता न बनने की स्थिति में आत्मदाह करने की चेतावनी देकर प्रशासन को झकझोर दिया है। इस चेतावनी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। आज दोपहर 11:00 बजे तेज बारिश के बीच ग्रामीणों को साथ लेकर जिला पंचायत सदस्य अमरकांत उर्फ चीकू खराब रास्ते पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने वीडियो वायरल कर प्रशासन को चेताया तथा आत्मदाह चेतावनी दी। उनका कहना है कि यह गांव का मुख्य रास्ता है। ग्रामीण इसी रास्ते से आते-जाते हैं। शमशान घाट में जाने का भी यही रास्ता है। साथ ही साथ छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाने का भी यही रास्ता है। पानी भरा होने से स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार प्रीति देवी, चरथावल खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार,चरथावल देहात के ग्राम प्रधान पति इसरार साबरी, ग्राम विकास अधिकारी मोहित बालियान, कानूनगो हितकर सिंह एवं लेखपाल प्रवीण गुप्ता मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और एक सप्ताह के भीतर समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान अमरकांत चीकू के साथ समर्थन में अजय पालीवाल (भीम आर्मी पूर्व जिला अध्यक्ष), अमित टोरिया, रूपक समझ, मोहिटोरिया, गौरव कुमार, सनी टोरिया, रजनीश त्यागी, रामपाल सैनी, अमर सनी, बॉबी त्यागी, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, मोनू कुमार समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि यदि सड़क निर्माण की कार्रवाई समयबद्ध नहीं हुई, तो बड़ा जनआंदोलन होगा। गांव के हालात देखकर स्पष्ट है कि लोगों की सहनशक्ति अब जवाब दे रही है। यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाया तो यह मामला और भी गंभीर रूप ले सकता है।

घर से निकला युवा व्यापारी लापता

मीरापुर, 28 जुलाई (बु.)। रविवार की सुबह घर से निकला युवा व्यापारी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। व्यापारी के देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया। दर्जनों व्यापारी लापता व्यापारी के आवास पर एकत्र हो गए। परिजनों ने लापता व्यापारी की गुमशुदगी दर्ज कराई। मीरापुर के मौहल्ला नवाब पट्टी निवासी युवा व्यापारी वरदान अग्रवाल उर्फ सीटू (42) रविवार की सुबह करीब 8-30 बजे अपने घर से बाजार गया था तथा देर शाम तक वापस नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों को चिंता हुई, तो उन्होंने वरदान की तलाश शुरू की। व्यापारी वरदान को अंतिम बार कुछ लोगों ने मीरापुर ने ही पुराने मेरठ बस स्टैंड के समीप देखा था। लापता व्यापारी का मोबाइल भी घर पर ही मिला। व्यापारी वरदान के लापता होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया तथा दर्जनों व्यापारी उसके आवास पर जमा हो गये तथा लापता वरदान को तलाश कराने में जुट गये, किन्तु सोमवार तक लापता व्यापारी वरदान अग्रवाल का कोई सुराग नहीं लग सका। लापता व्यापारी के भाई नीरव अग्रवाल ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से लापता व्यापारी की तलाश में जुटी है। परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से लापता वरदान के सम्बंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उन्हें जानकारी देने की अपील की है।

बाइक फिसलने से युवक की मौत

बुढ़ाना, 28 जुलाई (बु.)। तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से बाइक पर सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 32 साल का अहसान उस्मानी पुत्र इसराइल अहमद निवासी मौहल्ला मास्टर कॉलोनी बुढ़ाना आज सोमवार की सुबह रोजाना की भांति बाइक पर किसी धार्मिक स्थल की रसीद लेकर काटने के लिए जनपद मेरठ के किसी गांव में जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा कुटी के समीप आया, तो सड़क पर मैली पड़ी होने के कारण तेज रफ्तार बाइक दूर तक फिसलती हुई चली गयी, जिसमें अहसान को गंभीर चोटें आई। आते-जाते लोगों ने इसकी सूचना बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों को दी, तो आरोप के मुताबिक बुढ़ाना पुलिस ने सड़क पर गंभीर रूप से घायल पड़े अहसान उस्मानी को तुरंत अस्पताल पहुंचाना मुनासिब नहीं समझा और किसी वाहन के जरिए काफी देर बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने घायल अहसान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जब मृतक अहसान के परिजनों को मिली, तो वे सीएचसी पहुंचे और अहसान के शव को देखकर चीख पुकार मच गयी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। मृतक के दो मासूम बच्चे हैं, जबकि पत्नी सात माह की गर्भवती बताई गयी है।

जिला अधिकारी उमेश मिश्रा ने तहसील बुढ़ाना की कमान अपूर्वा यादव को सौंपी

मुजफ्फरनगर, 28 जुलाई (बु.)। जिले के प्रशासनिक ढांचे में हुए बदलाव के तहत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मोनालिसा जोहरी के बहराइच जनपद में तबादला होने के बाद अब उप जिलाधिकारी मुख्यालय अपूर्वा यादव को बुढ़ाना का नया उपजिलाधिकारी नियुक्त किया है। मूल रूप से मैनपुरी की निवासी अपूर्वा यादव इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद अमेरिका में नौकरी कर चुकी हैं, लेकिन देश सेवा के जज्बे ने उन्हें सिविल सेवा की ओर मोडा। यूपीएससी में सफलता हासिल कर अब उन्होंने प्रशासनिक सेवा में कदम रखा है। एसडीएम अपूर्वा यादव उत्तर प्रदेश में एक प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो वर्तमान में मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। इससे पहले, वह खतौली में एसडीएम के रूप में कार्य कर चुकी हैं। वह अपने काम के प्रति समर्पण और प्रशासनिक क्षमता के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने खतौली में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की और लोगों से दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने का अनुरोध किया। वहीं एक सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और लोगों को आश्वासन दिया। अपूर्वा यादव ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि यह पद मेरे लिए सेवा का अवसर है। मैं पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ बुढ़ाना की जनता की सेवा करूंगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करूंगी।

'अल्लाह हू अकबर, मैं बम से उड़ा दूंगा', विमान में चिल्लाने लगा शख्स, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

लंदन, 28 जुलाई (एजेंसी)। लंदन के ल्यूटन एयरपोर्ट से स्कॉटलैंड के ग्लासगो जा रहे विमान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक शख्स ने जोर-जोर से अल्लाह हू अकबर का नारा लगाते हुए विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद उसने डेथ टू अमेरिका और डेथ टू ट्रंप जैसे नारे भी लगाए। विमान में हंगामा मचने के बाद पायलट ने फ्लाइट को डायवर्ट किया और प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। शख्स द्वारा हंगामा मचाने के बाद आसपास मौजूद अन्य यात्रियों ने उस पर काबू पाने की कोशिश की। व्यक्ति को अन्य यात्रियों ने पकड़कर गिरा दिया। जब ये फ्लाइट ग्लासगो एयरपोर्ट पर उतरी तब ट्रंप मुदाबांद के नारे लगाने वाले उस व्यक्ति को स्कॉटलैंड से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 40 के आसपास बताई जा रही है। स्कॉटलैंड पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर कांवड़ यात्री की मौत

फिरोजाबाद 28 जुलाई (वार्ता) फिरोजाबाद जिले के जसराना क्षेत्र में सोमवार को साथियों के साथ सोरों से बटेश्वर कांवड़ लेकर जा रहा युवक ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया जिसकी बाद में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने बताया कि जसराना के गांव अतुर्रा से दो ट्रेक्टर-ट्राली में सवार होकर पचास युवक कांवड़ लेने सोरों गए थे। युवकों को कांवड़ बटेश्वर स्थिति महादेव मंदिर पर चढ़ानी थी। युवकों के साथ गांव का ही युवक सहदेव (32) भी गया था। शनिवार को सभी लोग कांवड़ लेने सोरों गए थे। वह पैदल चलकर अपने गंतव्य की तरफ आ रहे थे। उनके द्वारा लगाए जाने वाले जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार सुबह गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। थाना नसीरपुर क्षेत्र में अपने साथी को कांवड़ देने के बाद सहदेव ट्रेक्टर-ट्राली में जाकर बैठ गया। नसीरपुर थाना के पास अचानक वह नीचे गिर गया। नीचे गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शिकोहाबाद के सरकारी अस्पताल में भेजा। जहां मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

छांगुर पांच दिन की रिमांड पर ईडी के हवाले

लखनऊ 28 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में धर्मान्तरण रैकेट के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर को प्रवर्तन निदेशालय ने पांच दिन के रिमांड पर लिया है। सोमवार को उसे कड़ी सुरक्षा में लखनऊ स्थित एनआईए के स्पेशल कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। जहां से कोर्ट ने छांगुर को सात दिन के स्थान पर पांच दिन की कस्टडी रिमांड दी है। इस दौरान परिवर्तन निदेशालय छांगुर से हवाला विदेशी फंडिंग और प्रॉपर्टी से जुड़े तमाम आर्थिक सूचनाओं पर पूछताछ करेगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि एटीएस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। छांगुर से जुड़े 122 अवैध रूप से बने धार्मिक ढांचों पर पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा फाइनेंशली इन्वेस्टिगेशन पर पूरा फोकस किया जा रहा है। धर्मान्तरण के इस रैकेट में जो भी अपराधी या अधिकारी लिप्त होंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि छांगुर के धर्मांतरण और अवैध फंडिंग को लेकर प्रवर्तन निदेशालय और एटीएस की संयुक्त जांच चल रही है। जमालुद्दीन का नेटवर्क भारत से लेकर सऊदी अरब और दुबई तक फैला हुआ है। अवैध धर्मांतरण के जरिए भारी मात्रा में मनी लॉन्ड्रिंग का खेल भी सामने आया है। छांगुर को कस्टडी में लेकर उसके तमाम विदेशी लिंक फंडिंग के स्रोत और नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जाएगी। इससे पहले छांगुर और उसकी गर्लफ्रेंड नसरीन को एटीएस ने 17 जुलाई से 7 दिन के रिमांड पर लिया था।

सोशल मीडिया पर ककरौली क्षेत्र में बच्चे के अपहरण की खबर ने फैलाई सनसनी

भोपा, 28 जुलाई (बु.)। ककरौली में मोटरसाइकिल सवारों द्वारा एक बच्चे के अपहरण कर लेने की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर फैली, तो सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर ककरौली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की, तो बच्चे को उसके पिता और मित्र द्वारा धूप में खेलने से रोकने के लिए बाइक पर ले जाने की बात सामने आई और बच्चा घर पर सकुशल मिला। ककरौली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर मिथ्या खबर चलाने के आरोप में एक नामजद सहित दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया पर रविवार को ककरौली थानाक्षेत्र के गांव कम्हेड़ा में अज्ञात बाइक सवार द्वारा एक बच्चे के अपहरण करने की सूचना प्रसारित हुई तो हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर चली खबर में दो बाइक सवारो द्वारा एक बच्चे के अपहरण कर ले जाने की एक फोटो वायरल की गयी थी। मामले की सूचना पर ककरौली पुलिस आनन फानन में गांव में पहुंची और घटना की